# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

जोधपुर विकास प्राधिकरण

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर– 342001

email- jdajodhpur@yahoo.comवेब–साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/265635-7 Fax 021-2612086

क्रमांकः– EE/N/422

दिनांक :– 6/7/2021

अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक
एफसीए नोडल ऑफिसर
इन्स्टीट्यूशनल क्षैत्र, झालाना
अरण्य भवन जयपुर राजस्थान

विषयः– प्रस्ताव सं. FP/RJ/ROAD/140782/2021 दिनांक 7.04.2021
वन डाइवर्जन अनुपालना रिपोर्ट के संबंध में।

सन्दर्भः– आपके पत्रांक एफ 14(471/41) 2021/ROADS/FCA/PCCF/ EDS-2 दिनांक 16.06.2021 के क्रम में।

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि वन भूमि डाइवर्जन के प्रस्ताव Construction of road from ghoda gati to meharangart fort, district- jodhpur in state of Rajasthan (Total length 2300 meters) आपके कार्यालय को भिजवाया गया है। जिसके संबंध में आप द्वारा चाही गई बिन्दूवार सूचना निम्नानुसार हैः–

| D. Justification for locating the project in forest land and details of alternatives examined. | |
|---|---|
| 1.प्रस्ताव के औचित्य में वर्तमान में वनक्षेत्र से गुजरने वाल सडक का उल्लेख किया गया है। पूर्व में बनी सडक यदि है तो उसका पूर्ण विवरण, चौडाई आदि का उल्लेख करें। जब सडक पूर्व से बनी है तो नयों सडक की आवश्यकता का क्या औचित्य है, स्पष्ट करे। | 1. वर्तमान में प्रस्तावित वन क्षैत्र से कोई भी सड़क गुजर नही रही है। |
| 2. मेहरानगढ किले तक आवागमन हेतु वर्तमान में सडक सडक की उपलब्धता का विवरण दिया जावें। वर्तमान में सडक मार्ग उपलब्ध होने के बावजूद नवीन सडक मार्ग की आवश्यकता को सुसंगत तर्कपूर्ण आंकडे व अध्ययन को बताते हुए उसके औचित्य को बतावे। मेहरानगढ किले में आवागमन हेतु सडक मार्ग के चयन हेतु विचार किये गये विकल्पों का विवरण उपलब्ध कराया जावे तथा इन विकल्पों को भी टोपोशीट और जियो रेफरेन्ड मानचित्र में अंकित किया जाए। | 2. मेहरानगढ किले तक आवागमन हेतु जोधपुर शहर में दो मार्ग बने हुए है।<br>A. <u>नागौरी गेट से किला रोड़ होते हुए मेहरानगढ किले तक सड़क</u> :– इस सड़क का उपयोग वर्तमान मे मेहरानगढ किले जाने हेतु देशी–विदेशी पर्यटको द्वारा आवागमन हेतु मुख्यतः उपयोग में लिया जाता है। उक्त सड़क की लम्बाई नागौरी गेट चौराहा से मेहरानगढ तक 1.50 कि.मी है। तथा सड़क की चौड़ाई क्रमश 9.5 मी. 3.50 मी. 4.0 मी तथा 6.50 मी. है। उक्त सड़क कुछ हिस्से में नागौरी गेट थाने के पास मात्र 3.5 मी. |

अधिशाषी अभियन्ता ( )
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

से 4.0 चौड़ाई में उपलब्ध है तथा मेहरानगढ किले तक आने जाने वाले पर्यटको की बसे/कारें आसानी से मुड़ नही सकती है जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है तथा जाम के कारण वायु प्रदुषण में बढोतरी हो जाती है। यह सड़क जोधपुर शहर के अन्य भागो को जोड़ने वाली मुख्यः सड़क होने के कारण स्थानीय निवासियो का भी ट्रैफिक/आवागमन दबाव लगातार बना रहता है। चूंकि बोटलनेक बन रहे हिस्से को ना तो अधिग्रहित किया जा सकता है ना ही

संरचनाएं हटा कर चौडा किया जा सकता है। बोटलनेक बन रहे सड़क भाग के हिस्से के कारण नये मार्ग की प्रस्तावना की गई है।

B. **<u>बालसमन्द तिराहे से सूरसागर थाना वाया विद्याशाला स्कूल चांदपोल से मेहरानगढ किले तक सड़क</u>** :–बालसमंद तिराहा से घोड़ा घाटी रावटी से सूरसागर थाना से चांद पोल रोड से विद्याशाला स्कूल के सामने सडक से होते हुए मेहरानगढ फोर्ट तक सड़क की लम्बाई 6.70 कि.मी. तथा चौडाई क्रमश 30 मी. 9.0 मी. 7.0 मी 4.0 मी 9.0 मी है। उक्त सडक का उपयोग मण्डोर एवं सूरसागर दिशा से आने वाले वाहनों के मेहरानगढ किले तक जाने हेतु किया जाता है। उक्त सडक बालसमंद तिराहा से घोडा–घाटी तक फॉरलेन निर्मित है।

घोडा–घाटी से रावटी होते हुए सूरसागर थाना चांदपोल क्षेत्र का मार्ग रियासतकालीन समय से निर्मित है। जिसकी चौडाई खरबुजा बावडी रामद्धारा तक 9.0 मी. है तथा इसके आगे सूरसागर थाने के पास मात्र 4.0 मी. चौड़ी सड़क उपलब्ध हो पाती है। सूरसागर थाने के बाद चांदपोल शहरी क्षेत्र के मध्य घनी आबादी क्षेत्र से यह सडक गुजरती है।

बोटलनेक बन रहे भाग में पर्यटको की बसे/कारें आसानी से मुड नही सकती है जिससे ट्रैफिक जाम की स्थित बन जाती है तथा जाम के कारण वायुप्रदुषण की बढोतरी होती है यह सडक शहर के अन्य भागो को भी आपस में जोडती है जिससे इस सडक पर स्थानीय निवासियों का भी ट्रैफिक/आवागमन दबाव लगातार बना रहता है।

बोटलनेक बन रहे हिस्से को नही हटाये जाने के कारण तथा सघन आबादी क्षेत्र के


अधिशाषी अभियन्ता (...)
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

| | |
|---|---|
| | कारण नये मार्ग को प्रस्तावित किया गया है।<br>उपरोक्तानुसार वर्तमान में उपलब्ध सड़क उपरोक्तानुसार वर्णित कारणों से वैकल्पिक मार्ग बालसंमद घोडा घाटी से मेहरानगढ किले तक 18.288 मी. (60 फीट) चौड़ी सड़क प्रस्तावित की गई है। उक्त सड़क के अंतिम बिन्दु पर फोरलेन सड़क निर्मित है। उसी बिन्दू से नई सड़क मेहरानगढ किले तक प्रस्तावित की गई है जो कि वन भूमि के ग्राम मण्डोर के खसरा नं. 1483 से गुजरती है। उक्त सड़क निर्माण होने से जोधपुर शहर के देशी व विदेशी पर्यटको को त्वरित एवं सुगम यातायात की फोरलेन 18.288 मी. चौडी सड़क उपलब्ध हो जाएगी जिससे जोधपुर शहर में यातायात जाम की स्थिति वायु प्रदुषण में भी कमी आएगी।<br>उपरोक्त सड़को का जिओ रेफरेन्सड गूगल मानचित्र में अंकित कर संलग्न किया जा रहा है। |
| **L. Details of land identified for compensatory Afforestation** | |
| 1. प्रस्ताव में गैर वनभूमि दी जानी है। गैर वनभूमि के मालिकाना हक के प्रमाण, वन विभाग के साथ एलओयू डिजिटल मेप एवं टोपों शीट मेप के दस्तावेजों के स्थान पर प्रार्थी अधिकारी का अधिकारिता पत्र अपलोड किया गया है, जिन्हें हटाकर गैर वनभूमि वन विभाग का दिये जाने के सम्बन्ध में वचनबद्धता अपलोड करें। | 1. प्रस्तावित सड़क में आ रही वन भूमि 4.39 हेक्टेयर की समतुल्य ग्राम रावता तहसील बाप के खसरा नं. 207 किस्म गै.मु. मगरा क्षेत्रफल 1313.10 बीघा की खाली एवं अतिक्रमण मुक्त 11.39 हेक्टेयर भूमि में से 4.39 हेक्टेयर भूमि वन विभाग हेतु आरक्षित (सेट–अपार्ट) जिला कलक्टर, जोधपुर के आदेश क्रमाक राजस्व / एफआर / 2019 / 6866 दिनांक 14.11.2019 द्वारा की जा चुकी है। |
| **Additional information Details** | |
| 1. प्रस्ताव में सडक का क्रॉस सेक्शन अपूर्ण है। सडक की सम्पूर्ण चौडाई 18,288 मीटर का विवरण (शोल्डर, डिवाइडर आदि की चौडाई) दिया जाना अपेक्षित है।<br><br>2. अपलोड की गई प्रोजेक्ट रिपोर्ट सक्षम सतर से स्वीकृत एवं अनुमोदित नहीं है और न ही इसमें सडक का पूर्ण विवरण नहीं दिय गया है। वर्तमान में अपलोड रिपोर्ट सतही एव जानकारी रहित है प्रसतावित सडक के नक्शें उसकी डिजाईन प्राक्कलन विवरण, सडक मार्ग पर प्रस्तावित सुविधायें ड्रेनेज चैनल आदि विवरण दिया जावे जिससे प्रस्तावित सडक के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके एवं जिसके आधार पर ठोस अभिशासा की | 1. प्रस्तावित सड़क का Cross- section विस्तृत विवरण के साथ तैयार कर संलग्न है।<br><br>2. प्रस्तावित सड़क कार्य की प्रोजेक्ट रिपोर्ट सक्षम स्तर पर अनुमोदित है। उक्त कार्य की निदेशक अभियात्रिकी जोधपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा राशि 1090.00 लाख की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई है।<br>वृक्षारोपण का प्रावधान किया हुआ है। प्रस्तावित सड़क में 1000 पेड़ डिवाईडर के मध्य लगाये जायेगें।<br><br>वन्य जीवों के संरक्षण व संवर्धन के |

अधिशाषी अभियन्ता (
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर


| | |
|---|---|
| जा सके। प्रस्तावित मार्ग में क्या काई वृक्षारोपण प्रस्तावित है वनक्षेत्र से गुजरने वाली सडक के वन एवं वन्यजीवों के सरक्षण एवं सवर्धन के लिये किये जाने वाल कार्यो को भी विस्तृत प्रोजक्ट रिपोर्ट में लिया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में सडक निर्माण से वन क्षेत्र वन्यजीव के विवरण व आवास भू एवं जल सरक्षण एवं पारिसिथतिकी के अन्य पहलुओं पर संभावित विरीत प्रभाव का आकलन जाने वाले उपायों की जानकारी भी विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन में अपेक्षित है। | लिए informatory, questionery, mandatory sign board लगाने का प्रावधान किया गया है। तथा प्रस्तावित सड़क पर road studs, crush barrier, thermo plastic lining, speed breaker आदि लगाये जायेगें।<br>वन क्षैत्र में वर्षा के दौरान कैचमेन्ट क्षैत्र से आने वाले पानी के बहाव को चैनेलाईज करने हेतु तीन स्थानों पर कल्वर्ट का निर्माण किया जायेगा। |
| 3. परियोजना हेतु स्वीकृत राशि रू 1090 लाख रूपये का किस प्रकार किन किन कार्यो में उपयोग किया जावेगा इसका पूर्ण विवरण मय प्राक्क्लन डिजाईन ले आउट मानचित्र सहित सक्षम सतर से स्वीकृत एवं अनुमोदित विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन उपलब्ध करावें। | 3. DPR संलग्न है। |
| 4. उपलब्ध कराया गया खसरा मानचित्र पर प्रस्तावित सडक को नजरी तौर पर अंकित किया गया है। प्रस्तावित सडक को खसरा मेंप पर प्रदर्शित किया जाना प्रस्तावित है। इस मानचित्र पर अधिसूचित वनक्षेत्र की सीमांए भी अंकित की जावें। ताकि सही पैमाने पर परियोजना का आंकलना किया जा सके। | 4. संलग्न |

(संदीप माथुर)
नोडल ऑफिसर अधिशाषी अभियंता उत्तर
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर




अधिशाषी अभियन्ता (
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

मेहरानगढ़ फोर्ट तक आवागमन हेतु वर्तमान में उपलब्ध सड़के (जियो coordinate सहित)




अधिशाषी अभियन्ता (   )
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर